# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**21 August 2026**

Yesterday, Quiz:

## Q . पंचायत समिति को ISO 9001 और ISO 14001 दोनों अंतरराष्ट्रीय मानकों का एक साथ प्रमाणन मिला है।?

(A) पंचायत समिति तिंवरी

(B) पंचायत समिति जोबनेर

(C) पंचायत समिति जवानपुरा

(D) इनमें से कोई नही

जोधपुर जिले में स्थित पंचायत समिति तिंवरी ने गुणवत्ता और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की हैं। पंचायत समिति को ISO 9001 और ISO 14001 दोनों अंतरराष्ट्रीय मानकों का एक साथ प्रमाणन मिला है।

अधिकारियों के अनुसार, दोनों प्रमाणपत्र एक साथ हासिल करने वाली तिंवरी प्रदेश की पहली पंचायत समिति है।

दिल्ली से आए प्रमाणन संस्था के प्रतिनिधि कैलाश शर्मा ने विधायक भैराराम सियोल की मौजूदगी में विकास अधिकारी संपत गोदारा को दोनों प्रमाणपत्र सौंपे।

ISO मानकों के अनुरूप पंचायत समिति परिसर में आमजन के लिए स्वच्छ शौचालय, शीतल पेयजल और बैठने की व्यवस्था की गई है। सूचना पट्ट, सुझाव पेटिका और अग्निशमन यंत्र लगाए गए हैं। परिसर में हरियाली और लॉन विकसित कर पर्यावरणीय व्यवस्थाओं में भी सुधार किया गया।

**Yesterday revision**

प्रश्न 1: 'राजीविका राखी मेला-2026' का आयोजन किसके द्वारा किया जा रहा है और राजीविका की ब्रांड एम्बेसडर कौन हैं?
उत्तर: राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा; ब्रांड एम्बेसडर श्रीमती रूमा देवी हैं।
प्रश्न 2: राजस्थान में 'ग्लोबल नर्सिंग सम्मेलन-2026' का आयोजन कब और कहाँ किया जाएगा?
उत्तर: 5 और 6 सितंबर 2026 को जयपुर (राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र) में।
प्रश्न 3: खेल, दिव्यांग खिलाड़ियों के सशक्तिकरण और समाज सेवा में योगदान के लिए किसे 'शेपिंग फ्यूचर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया?
उत्तर: निर्मला रावत (वर्ल्ड पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन की वर्ल्ड प्रेसिडेंट) को।
प्रश्न 4: स्थानीय निकाय चुनावों के कार्यक्रम, अधिसूचना और मतदान संबंधी दिशा-निर्देशों के लिए किस पोर्टल पर देखा जा सकता है?
उत्तर: राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर।
प्रश्न 5: हाल ही में राजस्थान के किन शहरों में उप क्षेत्रीय विज्ञान केंद्रों के तहत 'डिजिटल प्लेनेटेरियम' का शिलान्यास किया गया?
उत्तर: जोधपुर और उदयपुर में।

## 1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) कृषि जिन्सों के प्रसंस्करण, व्यवसाय एवं निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान फूड पार्क विकास नीति, 2026 का अनुमोदन भी किया है।

(B) इस नीति के तहत राज्य के प्रत्येक जिले में क्लस्टर आधार पर चरणबद्ध रूप से फूड पार्क विकसित किए जाएंगे।

**सही विकल्प चुनें**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

कृषि जिन्सों के प्रसंस्करण, व्यवसाय एवं निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान फूड पार्क विकास नीति, 2026 का अनुमोदन भी किया है। प्रदेश में कई स्थानों पर फूड पार्कों के विकास के लिए भूमि का आवंटन किया गया है।

- विश्वस्तरीय फूड पार्कों की स्थापना, संचालन एवं प्रबंधन के लिए यह नई नीति तैयार की गई है। इस नीति के तहत राज्य के प्रत्येक जिले में क्लस्टर आधार पर चरणबद्ध रूप से फूड पार्क विकसित किए जाएंगे।
- इस नीति के तहत खाद्य उत्पादों के संरक्षण, भंडारण, प्रसंस्करण एवं परिवहन हेतु एकीकृत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उत्पादक समूहों एवं किसानों को मजबूत सप्लाई चेन के माध्यम से प्रसंस्करण इकाइयों एवं बाजारों से जोड़ा जाएगा।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) केंद्र सरकार ने सिटिज़नशिप (थर्ड अमेंडमेंट) रूल्स 2026 नोटिफाई कर दिया है.

(2) अब राजस्थान सहित 8 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के जिला कलेक्टर धारा 6B के तहत नागरिकता आवेदनों की जांच कर नागरिकता दे सकेंगे

**सही कथन चुनिए:**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- नर्सिंग शिक्षा को आधुनिक तकनीक, वैश्विक अनुभव और भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से जयपुर में 5 और 6 सितंबर को 'ग्लोबल नर्सिंग सम्मेलन-2026' का आयोजन किया जाएगा।
- राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र में होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में 10 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के साथ 1,500 से अधिक प्रतिभागी प्रत्यक्ष और 5,000 से अधिक प्रतिभागी ऑनलाइन शामिल होंगे।
- नर्सिंग क्षेत्र में नियामक व्यवस्था को प्रभावी बनाने और उच्च शिक्षा से जुड़ी चुनौतियों के समाधान पर भी सम्मेलन में चर्चा की जाएगी।

**03. राजस्थान के किस जिले में में ब्रह्मगुप्त सेंटर फॉर इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का संचालन किया जा रहा है ?**

(A) जोधपुर

(B) उदयपुर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

👁 जयपुर में ब्रह्मगुप्त सेंटर फॉर इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का संचालन किया जा रहा है, 👁 जहाँ पर डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा और ब्लॉकचेन के लिए, तीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं। राजस्थान सरकार द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कौशल विकास और तकनीकी संवर्द्धन के लिए 'ब्रह्मगुप्त सेंटर ऑफ फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज' (BCFT) का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत जयपुर स्थित राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (R-CAT) व अन्य तकनीकी केंद्रों के माध्यम से ब्लॉकचेन, एआई और अत्याधुनिक आईटी कार्यक्रमों का प्रशिक्षण व संचालन होता है।

👁 राजस्थान नवाचार, कौशल विकास, एआई, डिजिटल सेवाओं और नई तकनीकों में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान से 11वीं एशियाई पुरुष यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम में  मानवेंद्र सिंह का चयन हुआ है

(2) भारतीय टीम में पीवट पोजीशन पर चयनित मानवेन्द्र सिंह राजस्थान में जोधपुर से है।




**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C)  कथन 1 व 2 सत्य हैं.    (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

अम्मान (जॉर्डन) में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली 11वीं एशियाई पुरुष यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये भारतीय टीम जॉर्डन रवाना हो गई। इस टीम में राजस्थान के मानवेंद्र सिंह का चयन हुआ है।

भारतीय टीम में पीवट पोजीशन पर चयनित मानवेन्द्र सिंह जोधपुर के भालासरिया गाँव का है तथा गत वर्ष से राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा जैसलमेर में संचालित बालक हैंडबॉल अकादमी का खिलाड़ी है।

पावना स्पोर्ट्स फाउंडेशन की गोल्डन ईगल हैंडबॉल अकैडमी के लिए अनुबंधित विदेशी कोच पुर्तगाल के फर्नांडो नुएनस भारतीय टीम के कोच के रूप में गए है।

**05. हाल ही में राजस्थान में शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान आफ़री और किसके मध्य समझौता हुआ है?**

(A) हिंदुस्तान पेट्रोलियम

(B) हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड

(C) रिलायंस इंडस्ट्रीज

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

राजस्थान में शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान आफ़री और हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड चंदेरिया के मध्य लेड-जिंक स्मेल्टर कॉम्प्लेक्स चंदेरिया, चित्तौड़गढ़, राजस्थान में सघन वृक्षारोपण/हरित पट्टी का विकास परियोजनार्थ एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) का हस्ताक्षर समारोह संपन्न हुआ।

इस परियोजना से चंदेरिया क्षेत्र की हरित बेल्ट से पर्यावरण एवं पारिस्थिकी के संवर्धन के साथ एक सफल प्रदर्शन मॉडल साबित

जयपुर, मंगलवार, 18 अगस्त, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-180

1. **नई** तकनीकों में कौशल विकास के लिए 'ब्रह्मगुप्त सेंटर फोर इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी' का संचालन कहां किया जा रहा है?
(A) जोधपुर (B) जयपुर
(C) बीकानेर (D) कोटा

2. **राज्य** सरकार द्वारा सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में जबरन पलायन और संपत्तियों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए हाल ही में कौन-सा कानून लाया गया?
(A) राजस्थान संपत्ति संरक्षण एवं पुनर्वास कानून
(B) राजस्थान विधि-विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध कानून
(C) राजस्थान समान नागरिक संहिता
(D) राजस्थान अशांत क्षेत्र कानून

3. **राजस्थान** यूथ कॉन्क्लेव 2026 के दौरान निम्नलिखित में से किन शहरों में 'डिजिटल प्लेनेटेरियम' का शिलान्यास किया गया?
(A) जोधपुर एवं उदयपुर
(B) जयपुर एवं बीकानेर
(C) कोटा एवं अजमेर
(D) भरतपुर एवं सीकर

4. **राज्य** स्तरीय कार्यक्रम 'सक्षम नारी, स्वस्थ बचपन, समृद्ध राजस्थान' के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा 'आशा सहयोगिनियों' के मानदेय में कितने प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की गई है?
(A) 5 प्रतिशत (B) 10 प्रतिशत
(C) 15 प्रतिशत (D) 20 प्रतिशत

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला - एक वनस्पति प्रजाति' के तहत चूरू जिले की वनस्पति प्रजाति कौन सी है?
(A) अर्जुन (B) ढाक
(C) नीम (D) खेजड़ी

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में किसे खेल, दिव्यांग खिलाड़ियों के सशक्तिकरण और समाज सेवा में योगदान के लिए 'शेपिंग फ्यूचर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। ?**

(A) दीया कुमारी

(B) निर्मला रावत

(C) राज्यवर्धन सिंह राठौर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine